सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

राजभाषा अनुभाग

सं. 20-19/15/22-राभा. दिनांक 18/08/2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय – 23 अगस्त 2022 को बहुविकल्पीय राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन.

राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के लिए संस्थान में 04.08.2022 को राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन किया गया था। ऑनलाइन माध्यम संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण इसे रद्द किया जा रहा है। विविध विषयों की जानकारी और सामान्य ज्ञान पर आधारित बहुविकल्पीय राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को अब मंगलवार, दिनांक 23 अगस्त, 2022 को प्रातः 11:00 बजे से प्रेक्षागृह (ऑडिटोरियम) में ऑफलाइन रुप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संस्थान के सभी नियमित अधिकारी इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सितंबर 2022 में आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े के दौरान पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के इच्छुक कार्मिकों को निर्धारित प्रारुप (फॉर्मेट) में अपने नाम, पदनाम, प्रभाग आदि की जानकारी देते हुए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कराना आवश्यक होगा। पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि 22 अगस्त, 2022 शाम 5:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि तक पंजीकरण करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता के लिए पात्र माना जाएगा। पंजीकरण प्रपत्र में मांगी गई जानकारी sanjayc.crri@nic.in पर ईमेल से भी भिजवाई जा सकती है।

प्रतिभागियों के लिए 23 अगस्त 2022 को **प्रातः 10:50 बजे तक संस्थान के प्रेक्षागृह (ऑडिटोरियम) में उपस्थित होना अनिवार्य होगा**। प्रतियोगिता के लिए कुल निर्धारित समय 20 मिनट है। एक समान परिणाम प्राप्त (रिजल्ट टाई) होने की स्थिति में कम समय में प्रतियोगिता समाप्त करने वाले प्रतिभागी को प्राथमिकता दी जाएगी।

सभी प्रमुखों से अनुरोध है कि अपने अनुभाग एवं प्रभाग में इसका व्यापक परिचालन सुनिश्चित करें ताकि प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में कार्मिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए आवश्यक पात्रता के रुप में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रपत्र में निम्नलिखित जानकारी भेजनी अपेक्षित है –

क्र.	प्रतिभागी का नाम (श्री/सुश्री/श्रीमती/डा.)	अनुभाग व पदनाम	प्रतिभागी का ई-मेल पता	मोबाइल नम्बर

18.08.2022
(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि -

1. निदेशक, सीआरआरआई के निजी सचिव
2. वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक कार्यालय – सूचनार्थ
3. प्रशासन अधिकारी कार्यालय – सूचनार्थ
4. सभी अनुभागों/प्रभागों के प्रमुख – सूचनार्थ, व्यापक परिचालन, प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहन देने हेतु
5. प्रमुख, सीसीएन – सीआरआरआई की वेबसाइट एवं इंट्रानेट पर अपलोड करने के लिए
6. सभी सूचना पट्ट